तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में अर्पित की...



13 हाउसिंग बोर्ड के करोड़ों के प्रोजेक्ट पर उठे सवाल...



**खबर संक्षेप**

## चौपाटी में उपद्रव और शांति भंग करने वाले तीन युवक गिरफ्तार



**बेमेतरा।** शहर के चौपाटी क्षेत्र में उपद्रव कर शांति भंग करने की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने उनके विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौपाटी में कुछ युवकों द्वारा उपद्रव कर सार्वजनिक शांति भंग किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्काल युवकों की तलाश कर जांच शुरू की। जांच में सिनू देवांगन निवासी बिजली ऑफिस के पीछे, जसन सिंह नथ निवासी पंजापीपारा तथा निलेश यादव निवासी कचहरीपारा द्वारा शांति भंग किए जाने की पुष्टि हुई। पुलिस ने बताया कि तीनों युवकों को समझाइश दी गई, लेकिन उनके उग्र व्यवहार तथा दोबारा विवाद उत्पन्न करने की आशंका को देखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उनके विरुद्ध धारा 170 तथा धारा 126, 135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में सिनू देवांगन (18 वर्ष) पिता दिनेश देवांगन, जसन सिंह नथ (18 वर्ष) पिता रंजीत सिंह ▶▶ शेष पेज 13 पर

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 42 चालकों पर कार्रवाई, 14,700 का समन शुल्क वसूला

**बिना हेलमेट, तीन सवारी, नो-पार्किंग और सीट बेल्ट उल्लंघन समेत कई मामलों में कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए मंगलवार को सख्त कार्रवाई की। यातायात शाखा और थाना बेरला पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर वाहन जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले 42 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की।

इस दौरान कुल 14,700 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाना, तीन सवारी बैठाना, नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करना, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना, वाहन के आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करना तथा सड़क पर घातक स्थिति में वाहन खड़ा करने जैसे मामलों में चालान किए गए। इस अभियान का नेतृत्व यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो ने किया।

उनके साथ सहायक उपनिरीक्षक जहीर खान सहित यातायात पुलिस टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



### आम नागरिकों से वाहन जांच अभियान

वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। साथ ही शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, नाबालिगों को वाहन नहीं सौंपने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की समझाइश दी गई है। पुलिस ने आम नागरिकों से वाहन जांच अभियान के दौरान सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन ही सुरक्षित यात्रा की सबसे बड़ी गारंटी है।

**आषाढ़ की अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिले, चार सावन सोमवार पर उमड़ेगी आस्था**

# आज से सावन की शुरुआतः शिवभक्ति में डूबेगा अंचल, पर्वों की रौनक से गुलजार रहेगा अगस्त माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

गुरु पूर्णिमा के साथ आषाढ़ मास की विदाई हो गई। आज 30 जुलाई से भगवान भोले नाथ का प्रिय सावन मास शुरू हो रहा है। पूरे जिले में शिवभक्ति का माहौल बनने लगा है। शहर और ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां तेज हो गई हैं। वहीं, आषाढ़ में हुई अच्छी बारिश से किसानों में भी उत्साह है।

धान की बुआई और रोपा का काम लगभग पूरा होने की ओर है और अब किसान सावन में भी अच्छी वर्षा की उम्मीद लगाए बैठे हैं। सावन मास को भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र समय माना जाता है। पूरे माह शिव मंदिरों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। श्रद्धालु सोमवार का व्रत रखकर भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में साफ-सफाई, सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस वर्ष सावन में चार सोमवार का संयोग बन रहा है। 3, 10, 17 और 24 अगस्त को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इन दिनों सुबह से देर शाम तक पूजा-अर्चना और जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहेगा।



**सावन के प्रमुख पर्व**

30 जुलाई – सावन मास प्रारंभ
3 अगस्त – पहला सावन सोमवार
10 अगस्त – दूसरा सावन सोमवार
12 अगस्त – हरियाली अमावस्या
15 अगस्त – हरियाली तीज
17 अगस्त – तीसरा सावन सोमवार एवं नागपंचमी
24 अगस्त – चौथा सावन सोमवार
28 अगस्त – रक्षाबंधन

### बारिश से खेती को मिला संबल

आषाढ़ माह में जिले में अच्छी वर्षा होने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। समय पर बारिश होने से धान की बुआई और रोपा कार्य ने रफ्तार पकड़ी है। अधिकांश खेतों में रोपाई का काम अंतिम चरण में है। किसानों का कहना है कि यदि सावन में भी इसी तरह वर्षा होती रही तो फसलों की बढ़वार बेहतर होगी और अच्छी पैदावार मिलने की उम्मीद है। **तीज, नागपंचमी और रक्षाबंधन से सजेगा सावनः** सावन मास में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्वों की भी भरमार रहेगी। 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या, 15 अगस्त को हरियाली तीज, 17 अगस्त को नागपंचमी और 28 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। पर्वों को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ने लगी है। राखी, पूजन सामग्री, श्रृंगार सामग्री और मिठाइयों की दुकानों पर खरीदारों की आवाजाही शुरू हो गई है।

# हाईवे पर अज्ञात वाहन ने कई मवेशियों को कुचला, एक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ आवारा पशुओं से बढ़ रहा जानलेवा खतरा

दुर्ग–बेमेतरा स्टेट हाईवे पर बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सड़क पर बैठे मवेशियों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य मवेशियों के भी घायल होने की आशंका जताई जा रही है। यह हादसा ग्राम कंतेली और निनवा के बीच हुआ, जहां रात के समय तेज रफ्तार से गुजर रहे किसी अज्ञात वाहन ने सड़क पर बैठे मवेशियों को बेरहमी से कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह जब ग्रामीणों की नजर घटनास्थल पर पड़ी तो सड़क किनारे एक मवेशी मृत अवस्था में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हादसे पर गहरा दुख जताते हुए प्रशासन से इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।



**बरसात में हाईवे पर बढ़ रही आवारा मवेशियों की मौजूदगीः** बरसात के मौसम में जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाईवे और प्रमुख संपर्क मार्गों पर बड़ी संख्या में आवारा एवं घुमंतू मवेशी सड़क पर बैठ जाते हैं। रात के अंधेरे में ये मवेशी वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। विशेष रूप से तेज रफ्तार वाहनों के कारण ऐसे हादसे ▶▶ शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप

### फांसी पर लटका मिला युवक का संदिग्ध शव

**कवर्धा।** कवर्धा कोतवाली अंतर्गत मजगांव रोड स्थित एक मकान में बुधवार को एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान आलोक दुबे के रूप में की गई है। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आलोक दुबे एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी कारण पुलिस आत्महत्या और अन्य सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर साक्ष्य जुटा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### आईटीआई की रिक्त सीटों पर प्रवेश का अवसर

**कवर्धा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कवर्धा तारो में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मेरिट सूची के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश 31 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक किया जाएगा।
संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि इस वर्ष आईटीआई में ड्रोन टेक्निशियन (छः माही), असिस्टेंट टेक्निशियन ड्राई वॉल एंड फाल्स सीलिंग (छः माही) तथा मैकेनिक ऑटो बॉडी पेंटिंग (एक वर्षीय) जैसे तीन नए व्यवसाय प्रारंभ किए गए हैं। इसके साथ ही संस्थान में अब कुल आठ व्यवसायों का संचालन किया जा रहा है।
संचालित व्यवसायों में कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), डीजल मैकेनिक, वेल्डर (फैब्रिकेशन एंड फिटिंग), फिटर, विद्युतकार (इलेक्ट्रीशियन), ड्रोन टेक्निशियन, असिस्टेंट टेक्निशियन ड्राई वॉल एंड फाल्स सीलिंग तथा मैकेनिक ऑटो बॉडी पेंटिंग शामिल हैं।

# कोलेगांव विद्युत सब स्टेशन का फीडर अलग करने ग्रामीणों की मांग तेज

- एक गांव में फाल्ट होने पर पूरे क्षेत्र की बिजली होती है बंद, किसान और उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि कोलेगांव सब स्टेशन का अलग फीडर नहीं होने के कारण एक गांव में बिजली लाइन में खराबी आने पर पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ती है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। कोलेगांव विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत भगतपुर, मोहतरा कला, कंझेटा, धनेली, अमली, मालगी, कुआंमालगी, सेमरकोना, निगापुर, महुआमड़वा, भटरूसे, कंझेटी, पथरी एवं सोमनापुर सहित कई गांव आते हैं। वर्तमान में इन सभी गांवों की बिजली आपूर्ति एक ही फीडर से संचालित होती है। ऐसे में किसी एक गांव की लाइन में तकनीकी खराबी आने पर पूरे फीडर की बिजली बंद करनी पड़ती है, जिससे सभी गांव अंधेरे में डूब जाते हैं।

ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे कई बार विद्युत विभाग, शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद आज तक कोलेगांव सब स्टेशन के लिए अलग फीडर की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे किसानों की सिंचाई, घरेलू कार्य, व्यापारिक गतिविधियां और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब क्षेत्र में विद्युत सब स्टेशन स्थापित है, तब भी उन्हें इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। यदि कोलेगांव का अलग फीडर बना दिया जाए तो किसी अन्य गांव में लाइन खराब होने पर पूरे क्षेत्र की बिजली बंद करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और अन्य गांवों में निर्बाध बिजली आपूर्ति जारी रहेगी। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं विद्युत विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए कोलेगांव विद्युत सब स्टेशन का अलग फीडर शीघ्र स्वीकृत कर संचालित किया जाए, ताकि बार-बार होने वाली लाइन कटौती से लोगों को राहत मिल सके और बिजली आपूर्ति अधिक सुचारू एवं विश्वसनीय बन सके।

### एक फाल्ट, पूरा क्षेत्र अंधेरे में

कोलेगांव सब स्टेशन के अंतर्गत दर्जनभर से अधिक गांव एक ही फीडर से जुड़े हुए हैं। ऐसे में किसी एक गांव में बिजली लाइन खराब होने पर पूरे फीडर की सप्लाई बंद करनी पड़ती है। इससे उन गांवों की भी बिजली प्रभावित होती है, जहां कोई तकनीकी समस्या नहीं होती। ग्रामीणों का कहना है कि अलग फीडर बनने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।



### उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

ग्रामीणों के अनुसार अलग फीडर बनने से सिंचाई कार्य बाधित नहीं होगा, घरेलू बिजली आपूर्ति सुचारू रहेगी और अनावश्यक लाइन कटौती से राहत मिलेगी। लोगों का कहना है कि विद्युत सब स्टेशन होने के बावजूद यदि अलग फीडर नहीं है तो इसका पूरा लाभ क्षेत्रवासियों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेकर कोलेगांव सब स्टेशन का अलग फीडर शुरू करने की मांग की है।

## प्रकोप : करीब दो दर्जन संक्रमित, स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप

# ग्राम मुड़वाही में मलेरिया का प्रकोप, तीन की मौत की खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के स्वास्थ्य विभाग से लेकर जिला प्रशासन इस बात से भली भांति बाकिफ है कि वर्षाकाल के दौरान जिले के वनांचल ईलाकों में मलेरिया, मौसमी बीमारी तथा दूषित पेयजल व दूषित भोजन से उल्टी-दस्त फैलने की संभावनाएं प्रबल होती हैं।

स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन इसे रोकने और लोगों को इसके लिए जागरूक करने का दावा भी करता है लेकिन ऐसा लगता है कि यह पूरी कवायद सिर्फ कागजों और सरकारी समाचारों तक ही सीमित होता है। यही वजह है कि हर साल की तरह इस साल भी जिले के वनांचल ईलाकों में मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों के प्रकोप की खबरें लगातार सामने आ रही है तथा समय पर मरीजों को समुचित ईलाज नहीं मिलने के कारण उनकी मौतें भी हो रही है। ताजा मामला जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत झलमला सेक्टर के बैगा बाहुल्य ग्राम मुड़वाही का है।

जहां पिछले करीब 15 दिनों से मलेरिया के मामले सामने आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मुड़वाही गांव में करीब पिछले 15 दिनों से मलरिया को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। जिसकी जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और कैंप लगाकर ग्रामीणों की मलेरिया जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अभी तक करीब 1270 से अधिक ग्रमीणों की जांच में अब तक 35 लोगों में मलेरिया की पुष्टि हुई है, संक्रमित मरीजों में 5 से 6 बच्चे भी शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि झलमला सीएचसी में 20 संक्रमितों का इलाज जारी है। वहीं इस बात की भी जानकारी सामने आ रही है कि तीन बीमार ग्रामीणों की मौत भी हो चुकी है। हालांकि अभी तक विभाग ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि इनकी मौत मलेरिया की वजह से हुई है या फिर मौत का कारण कुछ और है। लेकिन स्थानीय ग्रामीण इसे मलेरिया से ही मौत बता रहे हैं।

बहरहाल स्वास्थ्य विभाग गांव में मलेरिया फैलने के बाद गांव में मुस्तैद नजर आ रहा है।



### नहीं बांटी जाती मच्छरदानी

यहां बताना लाजिमी होगा कि पूर्व के वर्षों में देखने को मिला है कि शासन द्वारा जिले के वनांचल ईलाकों में निवासरत बैगा आदिवासी गरीब परिवारों को मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का वितरण किया जाता रहा है। लेकिन अब लोगों की शिकायत है कि उन्हें शासन द्वारा मच्छरदानी का वितरण नहीं किया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस तरह की सरकारी और विभागीय लापरवाही और उपेक्षा के चलते भी वनांचलों में मलेरिया का प्रकोप देखने को मिलता है।

### बारिश के मौसम में मलेरिया का खतरा

जानकारी के मुताबिक मुड़वाही गांव में हर साल बारिश के मौसम में मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है। इस बार भी मलेरिया की खबर सामने आने के बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाने, दवाइयों का वितरण करने और मरीजों की नियमित निगरानी करने की व्यवस्था की है। साथ ही ग्रामीणों को साफ-सफाई बनाए रखने, नालियों की नियमित सफाई करने, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने और साफ और उबला पानी पीने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# उप मुख्यमंत्री ने अमरकंटक रवाना किया अन्नकूट रथ



- अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में सावन भर चलेगा नि:शुल्क भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सावन मास के पावन अवसर पर अमरकंटक से कवर्धा तक निकलने वाली कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल पर मृत्युंजय आश्रम, अमरकंटक में प्रतिदिन निःशुल्क भंडारा संचालित किया जाएगा।

इसी कड़ी में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज विधायक कार्यालय से भंडारे के लिए आवश्यक भोजन सामग्री से भरे वाहन अन्नकूट रथ को रवाना किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के भगत पटेल, नरेन्द्र मानिकपुरी, रवि राजपूत, खिलेश्वर साहू, प्रवीण परिहार, सहित जनप्रतिनिधियों, पार्षदगण की उपस्थिति में हर-हर नर्मदे और बोल बम के जयकारों के साथ भोजन सामग्री वाहनों को विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात अमरकंटक के लिए रवाना किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की इस पहल के अंतर्गत मृत्युंजय आश्रम में आने वाले श्रद्धालुओं और कांवड़ियों को निःशुल्क ठहरने और भोजन की सुविधा दी जाएगी।

भोजन में दाल, भात, सब्जी, खीर, पूड़ी, हलवा जैसे स्वादिष्ट व्यंजन प्रतिदिन श्रद्धालुओं को परोसे जाएंगे वह भी पूरी श्रद्धा और आत्मीयता के साथ। मृत्युंजय आश्रम में संचालित इस भंडारे की लोकप्रियता और व्यापक सेवा भाव का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि विगत वर्ष लगभग हजारों श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाया था। इस वर्ष भी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, की सहभागिता से यह सेवा और भी विस्तार के साथ संचालित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सावन मास में लाखों श्रद्धालु अमरकंटक से जल लेकर भोरमदेव और बुढ़ामहादेव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए पदयात्रा करते हैं। ऐसे में मृत्युंजय आश्रम में संचालित यह भंडारा भक्ति के साथ-साथ सेवा का प्रतीक बन गया है।

# विश्व बाघ दिवस पर आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विश्व बाघ दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजानवागांव के इको क्लब वन विभाग के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम वन मंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र अधिकारी किशोर साहू, जय बंजारे, उपवन क्षेत्रपाल लालचंद साहू, लालचंद, विनोद कुमार, हेमू राम, श्रीमती शिव कुमारी गोयल, लालाराम, चैतलाल तथा अन्य वनकर्मियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के प्राचार्य सुजीत गुप्ता एवं व्याख्याता शिवेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में ईको क्लब के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को भोरमदेव अभयारण्य का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें बाघ संरक्षण, जैव विविधता, खाद्य श्रृंखला तथा वन्यजीवों के संरक्षण के महत्व से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य सुजीत गुप्ता ने खेल के माध्यम से बाघ व अन्य कम हो रहे वन्य जीव के शिकार एवं उपयोगिता की अवधारणा को स्पष्ट किया।

# गुरुपूर्णिमा पर श्रद्धा-भक्ति से पूजे गए गुरूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धर्मनगरी कवर्धा सहित पूरे जिले में गुरुपूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया।

गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने गुरुजनों के चरणों में नतमस्तक होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा पूजा-अर्चना कर गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। मंदिरों, आश्रमों एवं विभिन्न धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और गुरु वंदना के साथ आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर जिले के अनेक शासकीय एवं निजी विद्यालयों में भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण एवं कविता पाठ के माध्यम से गुरु के महत्व को रेखांकित किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति में गुरु की महत्ता बताते हुए कहा कि गुरु ही जीवन में ज्ञान, संस्कार और सही मार्गदर्शन का आधार होते हैं।

उन्होंने महर्षि वेदव्यास के जीवन एवं उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला, जिनकी जयंती के रूप में गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा, नैतिक मूल्यों तथा शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर कई संस्थानों में गुरुजनों का सम्मान भी किया गया तथा विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर सत्संग, भजन-कीर्तन और गुरु पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने अपने आध्यात्मिक गुरुओं का सम्मान करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली गुरु-शिष्य परंपरा का संदेश देने वाला गुरुपूर्णिमा का यह पर्व पूरे जिले में सौहार्द, सम्मान और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ।

### बैरख स्कूल में धूमधाम से मनाई गई गुरुपूर्णिमा




**बोड़ला।** शासकीय हाई स्कूल बैरख, माध्यमिक विद्यालय एवं बालक आश्रम में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, आस्था एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात गुरु महिमा एवं भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर ने गुरु पूर्णिमा के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा को महान ग्रंथ रचयिता महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। उनकी स्मृति में इस दिन को गुरु पूर्णिमा एवं व्यास पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है।

# संत गुरु रविदास जी की 650 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

भारतीय जनता पार्टी ने संत गुरु रविदास जी की 650 वीं के उपलक्ष्य में 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक 7 महीने के राष्ट्रव्यापी संत गुरु रविदास जी महाराज समरसता संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिला अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में महामंत्री मनहरण साहू के दिशानिर्देश में भाजपा मण्डल कुण्डा ने कुण्डा के हृदय स्थल में स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में संत गुरु रविदास जी का 650 वीं जयंती विधिवत पूजा अर्चना कर श्रद्धापूर्वक मनाया। संत गुरु रविदास जी के जयंती पर भाजपा मण्डल कुण्डा ने सैकड़ों दीप प्रज्वलन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

## महिला एवं बाल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

# जिपं की स्थायी समिति में योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय स्थायी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती सुमित्रा पटेल ने की।

बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, वित्तीय प्रबंधन एवं मैदानी स्तर पर उनके प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा करते हुए योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए। बैठक में स्थायी समिति की सदस्य श्रीमती राजेश्वरी घृतलहरे, श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं श्रीमती ललिता धुर्वे उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डीपीओ आनंद कुमार तिवारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी चंचल यादव, जिले के सभी परियोजना अधिकारी सीडीपीओ तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान गर्भवती एवं शिशुवती माताओं तथा गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को प्रदान किए जाने वाले रेडी-टू-ईट पोषण आहार की परियोजनावार समीक्षा की गई। सभापति श्रीमती सुमित्रा पटेल ने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार समय पर पहुंचना चाहिए, जिससे जिले में कुपोषण की दर में प्रभावी कमी लाई जा सके। आंगनबाड़ी केन्द्रो के सुचारू संचालन के लिए रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा हुई।




### बालगृहों एवं आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर भी समीक्षा

बैठक में जिले के बालगृहों एवं आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। वहां निवासरत बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का आकलन करते हुए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने तथा सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के सुझाव दिए गए।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले जांबाज सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति को याद कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य उमेश पाठक ने विद्यार्थियों को कारगिल की विषम परिस्थितियों और चोटियों की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कारगिल की पहाड़ियों पर जहां विषम मौसम में सामान्य रूप से जिंदा रहना भी कठिन होता है, वहां हमारे वीर जवानों ने डटकर मुकाबला किया और देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।




हमें उनके इस अतुलनीय त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम में प्राध्यापक सनत कुमार देवांगन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सेना के वीर जवानों ने पाकिस्तान की कुटिल महत्वाकांक्षा और खोखले दुस्साहस को मलबे में मिलाकर कारगिल की चोटियों पर तिरंगा फहराया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी ओजस्वी भाषण देकर देशप्रेम की भावना जागृत की। इस पूरे आयोजन का सफल संचालन योगेश ध्रुव ने किया। कार्यक्रम के दौरान राकेश गौतम, पुखराज भारद्वाज सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थी परिषद का गठन

**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। तत्पश्चात शपथ ग्रहण समारोह में प्राचार्य पीएल बारले ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कहा कि संगठन में शक्ति होती है किन्तु समर्पित और कर्तव्यनिष्ट होने पर लाभ मिलती है। उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू ने कहा कि विद्यार्थी साइंस विषयों से ना घबराए विद्यालय में एआई और एटीएल जैसे आधुनिकतम सिस्टम से पढ़ाई बड़ी आसान हो जाएगी।
इस दौरान शिशु भारती अध्यक्ष ऋतिका, उपाध्यक्ष तन्मय, सेनापति सिद्धि, उप-सेनापति अनुराग, मंत्री भुनेश अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख पुष्कर, सांस्कृतिक प्रमुख समीक्षा जल व्यवस्था यास्मीत, क्रीड़ा प्रमुख पारस, वाहन प्रमुख पंकज ने शपथ ली। बाल भारती अध्यक्ष में चारुशिखा, उपाध्यक्ष नितिन सोनवानी, सेनापति उमंग चंद्राकर, उप-सेनापति श्रेजल, मंत्री टेकेश्वर, वाहन प्रमुख जागृति, सांस्कृतिक प्रमुख लीमेश सागरवंशी, जल व्यवस्था प्रमुख तुषार यादव, क्रीड़ा प्रमुख प्रिया नायक और वाहन प्रमुख ऋषभ बनाए गए। इसी तरह किशोर भारती अध्यक्ष कुमकुम साहू ,उपाध्यक्ष निखिल चंद्राकर, सेनापति प्रभाकर, उप सेनापति विनय टंडन, मंत्री दीपांशु, अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख चांदनी चंद्राकर आदि शामिल है।

### लोकतंत्र प्रहरी की सीमा शर्मा प्रदेशाध्यक्ष

**भिलाई।** मीसा बंदियों के हित के लिए काम करने वाले संगठन लोकतंत्र प्रहरी में सीमा शर्मा को नारी शक्ति प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। ये घोषणा हाल ही में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने की। उन्होंने पिछले दिनों अपनी टीम सहित आपातकाल स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में तन मन धन से सक्रिय भूमिका निभाई। वे इससे पूर्व प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना जागरुकता अभियान में भी प्रदेश अध्यक्ष रह चुकी है।

### सेजस निकुम में छात्राओं को बांटी गई 73 साइकिल

**निकुम।** सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल निकुम में 53 व स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल निकुम के 21 स्कूली छात्राओं निः शुल्क साइकिल बाटी गई। जिसमें पालक समिति अध्यक्ष दिलीप साहू, शाला विकास समिति निकुम अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सांसद प्रतिनिधि पंच राम देशमुख, विधायक प्रतिनिधि ढाल सिंह सारथी सहित स्कूल प्रिंसिपल एस देवराजन सहित वरिष्ठ व्याख्याता जी एल बंजारे , डी.एल देशमुख, पी. देशमुख, मंजुलता देवांगन , पी टी आई महेश्वर साहू सहित सभी स्टॉफ मौजूद रहे।

### वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर 7 से 15 अगस्त तक होंगे कार्यक्रम

**दुर्ग।** संस्कृति विभाग के निर्देशों के परिपालन में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर संपूर्ण राज्य में चार चरणों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन निर्धारित किया गया है। तृतीय चरण के अंतर्गत 7 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के साथ विभिन्न देशभक्तिपूर्ण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का वृहद स्तर पर आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिले के सर्व विभाग प्रमुखों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों के तहत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत मुख्यालयों सहित सभी स्कूल और कॉलेजों में ध्वजारोहण के पश्चात व्यापक स्तर पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया जाएगा। अभियान की अवधि के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, मशाल रैली, देशभक्ति गीत, विचार गोष्ठी एवं छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त 14 अगस्त को वंदे मातरम पर आधारित प्रदर्शनी तथा शाम को पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रभक्ति धुनों की प्रस्तुति दी जाएगी। नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए वंदे मातरम ऑडियो-वीडियो बूथ भी स्थापित किए जाएंगे।

## विद्यार्थियों को बताया कारगिल विजय का इतिहास और राष्ट्रसेवा का महत्व

# कारगिल विजय दिवस पर गुरुकुल विद्यालय नवागढ़ में गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर, वीर शहीदों को भावभीनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गुरुकुल विद्यालय, सुकुलपारा नवागढ़ में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रभक्ति, शौर्य और बलिदान की गौरवगाथा को याद किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता सुशील भारती ने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।

विद्यालय के संचालक राजेशधर दीवान ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि देशभक्ति, साहस और समर्पण का जीवंत प्रतीक है। विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें जीवन में अनुशासन, मेहनत, साहस, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा अपनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं जागृति बोयरे, प्रिया राजपूत, लक्ष्मी सोनवानी एवं आंचल साहू ने कारगिल युद्ध के इतिहास, ऑपरेशन विजय तथा भारतीय सैनिकों की वीरता पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविता, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी विद्यार्थियों ने देश की एकता, अखंडता, संविधान और राष्ट्रीय मूल्यों की रक्षा करते हुए एक आदर्श नागरिक बनने का संकल्प लिया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रूपेंद्र सिन्हा, फागुराम साहू, लोकेश्वर साहू, सुरेश साहू, वेदप्रकाश जायसवाल, कलेश्वर साहू, शिक्षिकाएं इंदु कुंभकार, मालती यादव, अवंतिका हिरवानी, दामिनी साहू, दिलेश्वरी, योगिता राजपूत, योगिता बंजारे, भुनेश्वरी साहू, दुर्गा साहू, मोनिका, पूजा सोनकर, संजना साहू, हितेश्वरी बंजारे, मुस्कान, सुनिती चंद्राकर, हेमलता, मीनाक्षी, छाया निषाद, ममता रजक सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस, वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नवागढ़।** शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़ में बुधवार को कारगिल विजय दिवस देश के अमर शहीदों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को समर्पित गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के वीर सेनानायकों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. गिरीश कांत पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य, प्रो. मंगली बंजारा के विशिष्ट आतिथ्य तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनीला एक्का के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत में संयोजक डॉ. सुनीला एक्का ने कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश कांत पाण्डेय ने अपने प्रेरक संबोधन में कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि, भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और रणनीतिक कौशल का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने मानचित्र के माध्यम से युद्ध क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और युद्ध की प्रमुख घटनाओं को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया, जिससे विद्यार्थियों को कारगिल विजय का इतिहास गहराई से जानने का अवसर मिला। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के उत्कृष्ट स्वयंसेवकों को उनके सराहनीय योगदान के लिए 'बी' प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर एनएसएस प्रभारी श्री निर्मल कुमार ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बेमेतरा पुलिस हाईटेक

# आधुनिक फिंगरप्रिंट तकनीक का प्रशिक्षण, अपराध जांच होगी और प्रभावी



**बेमेतरा।** अपराध अनुसंधान को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने की दिशा में बेमेतरा पुलिस ने बुधवार को जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय फिंगरप्रिंट तकनीकी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में जिले के सभी थाना प्रभारियों, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कोर्ट मोहर्रिरों को अत्याधुनिक फिंगरप्रिंट प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल की मौजूदगी में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वैज्ञानिक जांच पद्धति को मजबूत करना और अपराधों के त्वरित खुलासे की क्षमता बढ़ाना रहा। फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार भारती ने पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार आरोपियों, संदेहियों एवं निगरानी बदमाशों के वैज्ञानिक तरीके से फिंगरप्रिंट लेने, घटनास्थल से फिंगरप्रिंट साक्ष्य सुरक्षित रखने तथा अज्ञात मृतकों के चर्म-पोर संरक्षित करने की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि पहले जहां फिंगरप्रिंट मिलान की प्रक्रिया मैनुअल होने के कारण समय लेती थी, वहीं अब अत्याधुनिक एन ए एफ आई एस के माध्यम से फिंगरप्रिंट का ऑनलाइन संग्रहण और त्वरित मिलान संभव हो गया है। विशेषज्ञों ने घटनास्थल से मिले फिंगरप्रिंट साक्ष्यों को बिना क्षति पहुंचाए सुरक्षित रखने के तरीकों पर भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, रक्षित केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न थानों का पुलिस बल तथा नेफिस शाखा के आरक्षक ताम्रध्वज चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसपी त्रिलोक बंसल ने कहा कि आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने और मामलों के शीघ्र खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जवानों को निर्देश दिए कि घटनास्थल पर मिलने वाले फिंगरप्रिंट साक्ष्यों का वैज्ञानिक ढंग से संरक्षण सुनिश्चित करें, ताकि अपराधियों तक शीघ्र पहुंच बनाई जा सके और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिल सके।

बेमेतरा पुलिस की यह पहल तकनीक आधारित, प्रभावी और परिणामोन्मुख पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# वीएसके ऐप की तकनीकी खामियों पर शिक्षकों का विरोध, आदेश वापस नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष पोखन साहू ने लोक शिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर द्वारा जारी उस आदेश का कड़ा विरोध किया है, जिसमें शासकीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों का मासिक वेतन वी एस के ऐप में दर्ज ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर आहरित करने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि तकनीकी खामियों की जिम्मेदारी शिक्षकों पर नहीं थोपी जा सकती। आदेश को तानाशाही, अव्यवहारिक और शिक्षकों को मानसिक तनाव में डालने वाला बताते हुए उन्होंने शासन से इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर आदेश में संशोधन नहीं किया गया और किसी भी शिक्षक का वेतन रोका गया, तो फेडरेशन प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन, सामूहिक अवकाश सहित चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और शिक्षा विभाग की होगी। पोखन साहू ने कहा कि फेडरेशन शिक्षा के डिजिटलीकरण का विरोध नहीं करता, लेकिन तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण व्यवस्था के आधार पर शिक्षकों के वेतन का निर्धारण करना पूरी तरह अनुचित है। पिछले एक वर्ष से वी एस के ऐप में लगातार सर्वर फेल, लॉगिन समस्या, जीपीएस त्रुटि और नेटवर्क बाधाओं जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके बावजूद उसी ऐप को वेतन भुगतान का आधार बनाना हजारों शिक्षकों के हितों के खिलाफ है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के 52 हजार से अधिक स्कूलों में लगभग ढाई लाख शिक्षक प्रतिदिन एक साथ ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करते हैं। इस दौरान सर्वर ओवरलोड होने से /"सर्वर एरर/" और लॉगिन फेल जैसी समस्याएं सामान्य हो गई हैं। वहीं बस्तर, सरगुजा, जशपुर सहित कई दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में कमजोर नेटवर्क एवं जीपीएस की समस्या के कारण विद्यालय परिसर में मौजूद रहने के बावजूद उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती। कई पुराने मोबाइल फोन में ऐप के हैंग होने और दर्ज उपस्थिति सर्वर पर अपडेट नहीं होने की शिकायतें भी लगातार मिल रही हैं। फेडरेशन का कहना है कि वर्तमान में सभी विद्यालयों में विधिवत भौतिक उपस्थिति पंजी संधारित की जाती है, जिस पर प्रधान पाठक, प्राचार्य एवं संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर होते हैं। यह वैध दस्तावेज होने के बावजूद नए आदेश में इसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। फेडरेशन ने मांग की है कि आदेश के बिंदु क्रमांक-3 को तत्काल स्थगित किया जाए। जब तक वी एस के ऐप की सभी तकनीकी खामियां दूर नहीं हो जातीं और प्रदेशभर में निर्बाध नेटवर्क सुविधा उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक भौतिक उपस्थिति पंजी को ही उपस्थिति एवं वेतन आहरण का अंतिम आधार माना जाए। साथ ही शिक्षक प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए वी एस के ऐप की तकनीकी समस्याओं की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की जाए।

### प्रमुख चौक-चौराहों पर बनाया जा रहा वाहन लेफ्ट फ्री

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के उद्देश्य से एक नई पहल की शुरुआत की गई है। इसके तहत शहर के प्रमुख एवं व्यस्त चौक-चौराहों पर लेफ्ट फ्री व्यवस्था विकसित की जा रही है, ताकि वाहन चालकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके और यातायात का दबाव कम किया जा सके। नगर निगम द्वारा चंद्रा मौर्या चौक, घड़ी चौक, नेहरू नगर चौक, सूर्या मॉल चौक सहित अन्य ऐसे प्रमुख स्थलों को चिन्हित कर स्वीकृत किया गया है, जहां दिनभर वाहनों का अधिक आवागमन एवं यातायात का दबाव रहता है। इन स्थानों पर नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत लेफ्ट फ्री हेतु कार्य की जा रही है, जिससे वाहन चालकों को बाएं मुड़ने के लिए अनावश्यक रूप से सिग्नल या चौराहे पर रुकना न पड़े और यातायात का प्रवाह लगातार बना रहे।

# हाउसिंग बोर्ड के करोड़ों के प्रोजेक्ट पर उठे सवाल अतिरिक्त प्रभार और निगरानी व्यवस्था पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के कवर्धा संभाग अंतर्गत बेमेतरा उपसंभाग में करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों की निगरानी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। बेमेतरा उपसंभाग में एसडीओ का पद पिछले करीब एक वर्ष से नियमित रूप से नहीं भरा गया है। वर्तमान में कवर्धा के एसडीओ सागर ग्रेवाल अतिरिक्त प्रभार के रूप में बेमेतरा उपसंभाग का कार्य देख रहे हैं। उनके पास खैरागढ़ उपसंभाग की भी जिम्मेदारी है। ऐसे में तीन अलग-अलग जिलों के कार्यों का संचालन एक ही अधिकारी द्वारा किए जाने से निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कवर्धा, बेमेतरा और खैरागढ़ उपसंभागों के बीच 50-50 किलोमीटर से अधिक की दूरी होने के कारण एक ही समय में सभी स्थानों पर अधिकारी की मौजूदगी संभव नहीं हो पाती। ऐसे में एसडीओ की अनुपस्थिति में निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी मुख्य रूप से अधीनस्थ इंजीनियरों पर रहती है। बताया जा रहा है कि बेमेतरा उपसंभाग में नियमित उप अभियंता के स्थान पर प्लेसमेंट के दो सब इंजीनियर कार्यरत हैं। वर्तमान में नवागढ़, साजा और बेरला में उपपंजीयक कार्यालयों के नवीनीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं बीजाभाठ स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सीनियर एमआईजी, एमआईजी सहित विभिन्न श्रेणी के आवासों का निर्माण भी जारी है। इन सभी परियोजनाओं में नियमित तकनीकी निरीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण आवश्यक माना जाता है। सूत्रों के अनुसार बुधवार को दोनों सब इंजीनियर एक ही निर्माण स्थल के निरीक्षण पर निकले थे। इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं कि जब उपसंभाग में एक साथ कई करोड़ रुपये के निर्माण कार्य चल रहे हैं, तब अन्य परियोजनाओं की निगरानी कैसे सुनिश्चित की जा रही है। स्थानीय स्तर पर निर्माण कार्यों की जवाबदेही और मॉनिटरिंग व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

**अभियंता ने कहा- मामले की जानकारी लेंगे:** इस संबंध में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, दुर्ग वृत्त के अधीक्षण अभियंता वी.के. ग्रहवाल से चर्चा किए जाने पर उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित जानकारी ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि निगरानी व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शाला सुवरतला में मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**साजा।** कासखंड साजा के संकुल केंद्र सुवरतला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सुवरतला में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सहायक शिक्षिका लेखा रजक ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा के महत्व, गुरु-शिष्य परंपरा तथा जीवन में गुरु के योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुरु जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाकर सही मार्ग का मार्गदर्शन करते हैं और व्यक्तित्व निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम के दौरान



नन्हे विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का पूजन-अर्चन कर उनका सम्मान किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बेला ध्रुव, माहेश्वरी साहू सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना तथा भारतीय संस्कृति की महान गुरु-शिष्य परंपरा से उन्हें परिचित कराना रहा।

## पेज 11 का शेष

### चौपाटी में उपद्रव और शांति भंग ...

नथ तथा निलेश यादव (19 वर्ष) पिता फेरहा यादव शामिल हैं। तीनों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक सोनल ग्वाला, उपनिरीक्षक भानुप्रताप पटेल, प्रधान आरक्षक अनंत कोठारी सहित समस्त पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही

### हाईवे पर अज्ञात वाहन ने ...

लगातार सामने आ रहे हैं। जागरूकता अभियान बेअसर, जिम्मेदारी तय नहीं: शासन और प्रशासन द्वारा समय-समय पर आवारा मवेशियों को गौठानों में पहुंचाने, पशुपालकों को जागरूक करने तथा सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका अपेक्षित असर दिखाई नहीं दे रहा है। परिणामस्वरूप जिले के अधिकांश हाईवे और मुख्य मार्गों पर आज भी मवेशियों का जमावड़ा आम बात हो गई है। **राहगीरों की जान भी खतरे में:** स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बैठे मवेशी केवल खुद हादसों का शिकार नहीं हो रहे, बल्कि बाइक और कार चालकों की जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। बीते कुछ महीनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मवेशियों से टकराकर कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की मौत और गंभीर चोटें भी सामने आई हैं। **ग्रामीणों ने उठाई ठोस कार्रवाई की मांग:** ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हाईवे और मुख्य मार्गों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को तत्काल सुरक्षित गौठानों में पहुंचाया जाए। साथ ही पशुपालकों की जवाबदेही तय कर लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाए, ताकि लगातार हो रही ऐसी दर्दनाक घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में मवेशियों के साथ-साथ निर्दोष राहगीरों की जान भी इसी तरह सड़क हादसों की भेंट चढ़ती रहेगी। जिले में आवारा मवेशियों की समस्या अब केवल पशु संरक्षण का नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा और जनजीवन से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुकी है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### फरार स्थाई वारंटी को बेरला पुलिस ने दबोचा

**बेमेतरा।** जिले में फरार आरोपियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बेरला पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना बेरला पुलिस ने माननीय न्यायालय से जारी स्थाई वारंट के आधार पर लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अरुण देशलहरे (26 वर्ष), निवासी ग्राम बांसा, थाना बेरला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध धारा 452, 435, 294 एवं 506 भारतीय दंड संहिता के तहत प्रकरण दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रशिक्षु उप निरीक्षक गीतांजली कंवर, प्रधान आरक्षक दीनानाथ यादव, आरक्षक संजय पाटिल एवं भावेश गोस्वामी सहित थाना बेरला के पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बेमेतरा पुलिस ने कहा है कि फरार आरोपियों और वारंटियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप की स्थिति है।

### धारदार हथियार से हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 8 वैशालीनगर निवासी आकाश मेश्राम रात को मोहल्ले में विवाद की आवाज सुनकर बाहर निकला। बाहर आने पर आरोपी सुपेला निवासी किशन निषाद उसकी पत्नी के साथ विवाद व गाली गलौज कर रहा था। पीड़ित बीच-बचाव कर समझाइश देने लगा। किशन ने उसे ही जान से मारने की धमकी दी। धारदार हथियार से पीड़ित के पेट एवं बाएं हाथ पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के लिए उसे अस्पताल पहुंचाया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी किशन निषाद को पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने धारदार हथियार और अन्य साक्ष्य बरामद कर जब्त किया। आम नागरिकों से पुलिस अपील करती है कि किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें। आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस और डायल 112 को दें। ताकि समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच सके और बड़ी घटनाओं को रोका जा सकें। नशाखोरों के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई की जा रही है।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3.19 लाख की ठगी

**भिलाई।** सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3.19 लाख रुपए का ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि अटल आवास, जामुल निवासी लोमेश वासनिक ने एसपी आफिस पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत किया था। पुलिस ने जांच के बाद अपराध कायम किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शर्मा कॉलोनी, संतोषी पारा, कैम्प-2 निवासी मनोज केशरवानी को पकड़ा गया।

आयोजन : मनुष्य जीवन बड़े भाग्य से मिलता है, इसे भक्ति और सत्संग से सार्थक बनाए: पं. संतोषी लाल पाराशर

# गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में अर्पित की श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुदेव पं. संतोषी लाल पाराशर के चरणों में वंदना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भजन-कीर्तन और भंडारे में सहभागी बने। अपने आशीर्वचन में गुरुदेव पं. संतोषी लाल पाराशर ने कहा कि मनुष्य जीवन बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है।

इसे ईश्वर भक्ति, सत्संग और गुरु की शरण में रहकर सार्थक बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान दिखावे से नहीं, बल्कि सच्चे प्रेम, श्रद्धा और निष्कपट भाव से प्रसन्न होते हैं। गुरु पूर्णिमा केवल महर्षि वेदव्यास की जयंती ही नहीं, बल्कि गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन पर्व भी है। गुरु का आशीर्वाद शिष्य को जीवन की कठिनाइयों से उबारकर सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने भजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित रूप से भगवान का स्मरण, भजन एवं गुणगान करने से मन को शांति मिलती है, चिंता दूर होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ईश्वर का निरंतर स्मरण आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुदेव के पूजन-अर्चन, पुष्पमाला अर्पण एवं अभिनंदन से हुई। श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा एवं सामर्थ्य के अनुसार गुरुदेव को भेंट अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। रायपुर, नेवरा और अशोकनगर सहित विभिन्न स्थानों से आए शिष्यों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। इसके बाद लगभग दो घंटे तक भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं नैतिक अग्रवाल ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। अंत में आयोजित भंडारे में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गणेश लाल अग्रवाल, सुरेश सिंघानिया, मोहन प्रसाद शर्मा, ओम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, निखिल अग्रवाल, नरेश सिंघानिया, राजेश सिंघानिया, रामकुमार अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, गोपी अग्रवाल, नरसिंह केडिया, श्रवण केडिया, राजकुमार अग्रवाल, डॉ. गोविंद शर्मा, डॉ. आर.पी. शर्मा, संजय सिंघानिया, प्रवीण सिंघानिया, गिरिराज अग्रवाल, चीकू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## संस्कृत विद्यालय में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा




**देवकर।** ओम साई संस्कृत विद्यालय, देवकर में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर एवं शुभकामनाएं देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्कृत प्रेमी विद्वान लवकुश अग्रवाल ने कहा कि गुरु अपने शिष्यों के जीवन में आने वाले अंधकार को ज्ञान के प्रकाश से दूर करने का कार्य करता है। वहीं विद्यालय समिति के अध्यक्ष सनत चक्रधारी ने कहा कि संस्कारवान विद्यार्थी ही समाज में आदर्शों का निर्वहन करते हैं, क्योंकि उनके जीवन में गुरु का आशीर्वाद और मार्गदर्शन सदैव बना रहता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सदाचार, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से गुरुजनों का सम्मान करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डुलेश्वर प्रसाद साहू, भुनेश्वरी चक्रधारी, रोशनी भारती, ममता देवांगन, छाया ताम्रकार एवं योगिता सिन्हा सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुए इस आयोजन ने गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति विद्यार्थियों की आस्था को और मजबूत किया।

## दाढ़ी स्कूल में श्रद्धा और मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी में बुधवार को गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त पूर्व प्रधान पाठक जोहन लाल पुरैना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना से हुई। विद्यार्थियों ने दीप मंत्र का सुमधुर गायन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जोहन लाल पुरैना का स्वागत महेश्वर सिंह चंदेल, प्रतिमा भंडारी, आरती गुप्ता, भुनेश्वरी कुंभकार तथा संस्था प्रमुख चंद्रभान सिंह धुर्वे ने किया। संस्था प्रमुख चंद्रभान सिंह धुर्वे ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आषाढ़ पूर्णिमा के दिन महर्षि वेदव्यास की जयंती के उपलक्ष्य में गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने, उनके प्रति समर्पण और आदर का भाव रखने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि जोहन लाल पुरैना ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में अनुशासन तथा संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रमुख एवं प्रधान पाठक चंद्रभान सिंह धुर्वे ने किया। इस अवसर पर महेश्वर सिंह चंदेल, प्रतिमा भंडारी, आरती गुप्ता, भुनेश्वरी कुंभकार, राजिम जायसवाल, ललिता कुंभकार, अनुसुइया निषाद सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर आनंदवन आश्रम में गूंजी गुरु वंदना मानव श्रृंखला बनाकर प्रेम और सद्भाव का लिया

**बेमेतरा।** गोमची स्थित मां गोदावरी आनंदवन आश्रम में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत बुजुर्ग मातृ-पितृजन, सेवादारों एवं अन्य उपस्थितजनों ने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए गुरु वंदना की और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आश्रम ट्रस्टी योगेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बुजुर्गों के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा दिखाने वाले पथप्रदर्शक होते हैं। गुरु के बिना ज्ञान, संस्कार और जीवन की पूर्णता संभव नहीं है। गुरु ही सत्य, सेवा, अनुशासन, सदाचार और मानवता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस दौरान आश्रम परिवार ने मानव श्रृंखला बनाकर जीवनभर प्रेम, सहयोग, भाईचारे और एक-दूसरे के साथ मिलकर रहने का संकल्प लिया। योगेश तिवारी ने कहा कि माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम का मूल संदेश सामाजिक समरसता है, जहां न जाति का भेद है, न ऊँच-नीच और न ही कोई अपना-पराया।

यहां सभी एक परिवार की तरह प्रेम, सम्मान और अपनत्व के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमें अपने गुरुजनों, माता-पिता और बुजुर्गों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर प्रदान करती है। समाज तभी सशक्त बनता है, जब हम अपने संस्कारों, गुरुओं और वरिष्ठजनों के अनुभवों का सम्मान करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाते हैं। कार्यक्रम का समापन गुरु वंदना, बुजुर्गों के आशीर्वाद और सभी के सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना के साथ हुआ। पूरे आयोजन में श्रद्धा, आत्मीयता, सेवा और सामाजिक सद्भाव का वातावरण देखने को मिला।

## सिंघौरी स्कूल में गुरुपूर्णिमा पर्व पर किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान बच्चों का ब्लड ग्रुप,सवाईकल वैक्सीन, हीमोग्लोबिन की जांच किया गया।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉक्टर दिलीप चंद्रवंशी, प्रीति ठाकुर, बलवंत बंजारे फार्मासिस्ट एंव मनीष साहू लैब टेक्नीशियन सहित शाला परिवार से सरस्वती साहू प्रधान पाठक,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल,शशिकला यादव, किरण खरे एंव साजन वर्मा उपस्थित रहे।

# सलधा में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का चातुर्मास प्रारंभ

## सवा लाख शिवलिंग स्थापना अभियान को बताया हिंदू समाज का महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- अयोध्या, गौसंरक्षण और गंगा संरक्षण के संकल्पों की पूर्ति के लिए बन रहा है सवा लाख शिवलिंग मंदिर



जिले के ग्राम सलधा में निर्माणाधीन सवा लाख शिवलिंग मंदिर परिसर में उत्तराम्नाय ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अनंत श्री विभूषित स्वामी अवि मुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के दिव्य चातुर्मास का शुभारंभ गुरु पूर्णिमा पर व्यास पूजन के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शंकराचार्य का आगमन हुआ, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने उनका दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक रही कि आयोजन स्थल पहले ही दिन छोटा पड़ गया। काशी से आए वैदिक विद्वानों ने वैदिक विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल गुरु का सम्मान नहीं, बल्कि गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा और आत्मिक पूर्णता का पर्व है। उन्होंने कहा कि सांसारिक साधनों से जीवन की सभी इच्छाएं पूरी नहीं होतीं, लेकिन सद्गुरु की कृपा और ब्रह्मज्ञान से जीवन पूर्णता को प्राप्त करता है। शंकराचार्य ने बताया कि उनके गुरु ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में मां गंगा की निर्मलता और अविरलता के लिए व्यापक आंदोलन चलाया गया था। इसी क्रम में सलधा में भागवत कथा के दौरान दत्तेश्वर महादेव शिवलिंग की प्राप्ति के बाद यहां सवा लाख शिवलिंग स्थापना का संकल्प लिया गया।

उन्होंने कहा कि यह मंदिर हिंदू समाज के तीन प्रमुख संकल्पों अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर, गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध एवं गौमाता को राष्ट्रमाता-राज्यमाता का सम्मान तथा मां गंगा की निर्मलता और अविरलता की पूर्णता के लिए समर्पित है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस महाअभियान से जुड़कर सवा लाख शिवलिंग स्थापना का लक्ष्य पूरा करने का आह्वान किया। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 8 से 9 बजे तक प्रस्थानत्रयी वेदांत पाठ तथा दोपहर 3 बजे से भगवान शिव पर नियमित प्रवचन होंगे। वहीं 1 और 2 सितंबर को श्रीविद्या साधना शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि शंकराचार्य का सलधा में चातुर्मास होना क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है और सवा लाख शिवलिंग स्थापना का कार्य निश्चित रूप से पूर्ण होगा। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने श्रद्धालुओं से चातुर्मास का अधिकतम आध्यात्मिक लाभ लेने का आग्रह किया। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि हैदराबाद के स्थान पर सलधा को चातुर्मास के लिए चुनना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। ज्योतिर्मठ के सीईओ प्रकाश उपाध्याय ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं।

# तेरहवीं पर सेवा का अनूठा संदेश: ब्राह्मण समाज ने विद्यार्थियों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- सेवा और संस्कार से दी श्रद्धांजलि, बच्चों को शिक्षा के प्रति किया प्रेरित



ब्राह्मण समाज के प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय सुरेंद्र तिवारी की तेरहवीं पर उनकी स्मृति को सेवा और संस्कार से जोड़ते हुए सर्व ब्राह्मण समाज, नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र ने प्रेरणादायी पहल की। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शासकीय प्राथमिक शाला, दाढ़ी पहुंचकर विद्यार्थियों को कॉपी, किताब एवं शैक्षणिक किट वितरित की। इस दौरान बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय सुरेंद्र तिवारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। उपस्थित समाजजनों ने उनके सामाजिक, शैक्षणिक एवं सार्वजनिक जीवन में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेश सचिव विकास धर दीवान ने कहा कि किसी व्यक्ति की स्मृति को जीवंत रखने का सबसे श्रेष्ठ माध्यम सेवा है। स्वर्गीय सुरेंद्र तिवारी के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए सर्व ब्राह्मण समाज शिक्षा, सेवा एवं सामाजिक उत्थान के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि समाज का उद्देश्य केवल सामाजिक संगठन तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार और सेवा के माध्यम से नई पीढ़ी का भविष्य संवारना भी है।

जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय सुरेंद्र तिवारी का जीवन समाजसेवा, शिक्षा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उनकी तेरहवीं पर बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित करना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प है। शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं होता और समाज को ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर करते रहना चाहिए। विद्यालय परिवार ने सर्व ब्राह्मण समाज की इस पहल की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया तथा समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विकास धर दीवान, राकेश तिवारी, नरेंद्र शर्मा, विनोद तिवारी, कृपाशंकर त्रिपाठी, मोंटू तिवारी, रोशन धर दीवान, प्रदीप मिश्रा, प्रवीर दत्त दुबे, रामनारायण पाठक, प्रफुल्ल तिवारी, रितेश तिवारी, सिद्धांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# देवकर में राशन कार्डधारियों को नहीं मिल रहा राशन, लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत देवकर क्षेत्र में राशन कार्ड बनवाने और पुराने राशन कार्डों के नवीनीकरण को लेकर आम नागरिकों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि पिछले लगभग एक वर्ष से नए राशन कार्ड, अंत्योदय राशन कार्ड तथा सामान्य राशन कार्ड जारी होने के बावजूद अनेक पात्र हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिलने वाला राशन नहीं मिल पा रहा है। इससे गरीब, मजदूर और जरूरतमंद परिवारों के सामने खाद्यान्न का संकट खड़ा हो गया है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि राशन कार्ड बनने या नवीनीकरण होने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि नियमित रूप से सरकारी राशन का लाभ मिलेगा, लेकिन कार्ड जारी होने के बावजूद उनका नाम वितरण सूची में शामिल नहीं हो रहा है। कई परिवार ऐसे हैं, जिन्हें महीनों से राशन नहीं मिला है। लगातार शिकायतों के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। हितग्राहियों के अनुसार, इस समस्या के समाधान के लिए वे खाद्य विभाग के कार्यालयों के कई बार चक्कर लगा चुके



हैं। इसके अलावा सुशासन शिविर, जन समस्या निवारण शिविर, जनदर्शन, मुख्यमंत्री शिकायत हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से भी शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। बावजूद इसके विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और न ही प्रभावित परिवारों को राहत मिल सकी। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

प्रभावित हितग्राहियों में कली ढीमर, खोरबाहरीन बाई ढीमर, मेघा जैन सहित कई अन्य लोगों ने बताया कि उनका राशन कार्ड बन चुका है, लेकिन उन्हें उचित मूल्य की दुकान से राशन नहीं दिया जा रहा है। बुजुर्ग महिलाएं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि हर बार केवल आश्वासन मिलता है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होता।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाद्य विभाग की उदासीनता और लापरवाही का खामियाजा पात्र हितग्राहियों को भुगतना पड़ रहा है। गरीब परिवारों के लिए सरकारी राशन ही जीवनयापन का महत्वपूर्ण सहारा है, लेकिन समय पर राशन नहीं मिलने से उन्हें बाजार से महंगे दामों पर खाद्यान्न खरीदना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ और बढ़ गया है। नगर पंचायत देवकर के पार्षद एवं सांसद प्रतिनिधि रविशंकर सोनी ने इस पूरे मामले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है। इसके बावजूद विभाग की ओर से अब तक कोई प्रभावी पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बड़ी संख्या में पात्र हितग्राही सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने शासन और जिला प्रशासन से मांग की है कि राशन कार्ड से संबंधित लंबित प्रकरणों की तत्काल समीक्षा कर उनका शीघ्र निराकरण कराया जाए। साथ ही जिन पात्र हितग्राहियों के राशन कार्ड जारी हो चुके हैं, उन्हें बिना किसी देरी के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नियमित राशन उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने की भी मांग की है। वहीं, प्रभावित हितग्राहियों ने भी प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर उनकी समस्या का स्थायी समाधान करने की अपील की है। उनका कहना है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तभी सार्थक होगा, जब पात्र परिवारों तक समय पर राशन और अन्य सुविधाएं पहुंच सकें।




